मास्टर प्लान-2047 पर घमासान

पश्चिमी बायपास पर सेवानिवृत्त आईएएस ने जताई आपत्ति, विधायक रामेश्वर शर्मा ने पांच कॉलोनियों की अनुमति पर उठाए सवाल

आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों का विरोध

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल मास्टर प्लान-2047 के प्रारूप पर आई 13,400 से अधिक आपत्तियों की सुनवाई सोमवार से लालघाटी स्थित हुजूर तहसील कार्यालय में शुरू हुई। पहले दिन आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों के प्रस्ताव, अवैध निर्माण और पश्चिमी बायपास को लेकर चर्चा हुई।

सुनवाई में सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, जनप्रतिनिधि, विशेषज्ञ और अधिकारी मौजूद रहे। प्रारूप में आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों के प्रस्ताव पर चार हजार से अधिक आपत्तियां आई हैं। सेवानिवृत्त एडीजी पवन जैन और सेवानिवृत्त आईएएस कवीन्द्र कियावत ने कहा कि इससे रहवासी क्षेत्रों में यातायात का दबाव बढ़ेगा और कॉलोनियों की मूल संरचना प्रभावित होगी। कियावत ने प्रस्तावित पश्चिमी बायपास पर आपत्ति जताई तो विधायक रामेश्वर शर्मा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके कार्यकाल में पांच कॉलोनियों को नियम विरुद्ध अनुमति देने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि शहर के विकास और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखकर सुझाव दिए जाने चाहिए।



सांसद ने ग्रीन बेल्ट में शामिल करने पर जताई आपत्ति

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि एक आवासीय भवन को मास्टर प्लान के प्रारूप में ग्रीन बेल्ट में शामिल कर दिया गया है। उन्होंने इस पर आपत्ति दर्ज कराई है। रहवासियों ने अवैध निर्माण और 10 नंबर मार्केट के आसपास की इमारतों को लेकर भी शिकायतें रखीं।

यातायात के लिए पश्चिमी बायपास जरूरी : विधायक

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि पश्चिमी बायपास विशेषज्ञों के परामर्श और संबंधित विभागों के निरीक्षण के बाद तैयार किया गया है। इससे बैतूल और नागपुर की ओर से आने वाले वाहन चालकों को इंदौर मार्ग तक पहुंचने में सुविधा होगी। अभी करीब 40 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है, जबकि बायपास बनने पर यह दूरी लगभग 13 किलोमीटर रह जाएगी।

उन्होंने कहा कि शहर की बढ़ती आबादी को देखते हुए यातायात सुगम बनाना जरूरी है। अगले चार-पांच दिन तक सुनवाई जारी रहेगी। विशेषज्ञों और नागरिकों के सुझावों के आधार पर आगे निर्णय लिया जाएगा।

सुनवाई में अधिकारियों की गैरमौजूदगी पर उठे सवाल

भोपाल विकास योजना (मास्टर प्लान-2047) की सुनवाई में जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सवाल उठे हैं। याचिकाकर्ता एवं अरेरा कॉलोनी निवासी विवेक त्रिपाठी ने आपत्तियां दर्ज कराते हुए कहा कि भोपाल के भविष्य से जुड़ी सुनवाई में कलेक्टर सहित अन्य जवाबदेह अधिकारियों की अनुपस्थिति चिंता का विषय है। त्रिपाठी ने कहा कि एक ओर अरेरा कॉलोनी को आरजी-3 श्रेणी में शामिल कर पूर्णतः आवासीय घोषित किया गया है, वहीं दूसरी ओर 10 नंबर मार्केट के आसपास के विवादित निर्माणों को मार्केट स्ट्रीट घोषित करने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था सर्वोच्च न्यायालय के अतिक्रमण हटाने संबंधी आदेशों के संदर्भ में सवाल खड़े करती है। दोबारा सुनवाई का अवसर देने की मांग उन्होंने कहा कि आपत्तियां दर्ज कराने के लिए टीएनसीपी कार्यालय बुलाया गया, लेकिन सुनवाई अरेरा कॉलोनी से करीब 15 किलोमीटर दूर होने के कारण बुजुर्गों और महिलाओं को परेशानी हुई। इस वजह से कई आपत्तिकर्ता शामिल नहीं हो सके। उन्होंने सभी को दोबारा सुनवाई का अवसर देने की मांग की। त्रिपाठी ने चेतावनी दी कि विसंगतियां दूर नहीं होने पर मास्टर प्लान को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी।

अगले वर्ष दो लाख युवाओं को रोजगार एमपी एपीएसी परीक्षा दो बार कराएँगे



नईदुनिया राज्य ब्यूरो, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने युवा कल्याण के लिए विभिन्न विभागों के 85 हजार शासकीय पदों पर भर्ती की है। वर्ष 2027 युवा वर्ष होगा, अगले साल एमपी पीएससी की परीक्षा दो बार कराई जाएगी। दो लाख नए पदों पर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ भी दिया गया।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार सोमवार को खंडवा में हुए राज्यस्तरीय जनजातीय गौरव दिवस सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेती-किसानी को प्रोत्साहित कर रही है। दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए नई योजनाएं शुरू की गई हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना में 25 गाय या भैंस के साथ डेयरी शुरू करने पर हितग्राहियों को 13 लाख से अधिक का अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा प्राकृतिक खेती के साथ एक या दो गाय रखने वाले किसान को 1000 रुपए महीना सहायता राशि दी जाएगी। मध्यप्रदेश अभी देश में दूध उत्पादन में तीसरे स्थान पर है, हम इसे बहुत जल्द नंबर-1 राज्य बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग के क्षेत्र में मध्यप्रदेश सबसे तेज गति से आगे बढ़ रहा है। हमारे बच्चे पढ़ें-लिखें, नौकरी करने वाले नहीं, रोजगार देने वाले बनें। युवा उद्यमी बनें और प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। युवाओं के लिए आज एआई, माइनिंग, डेटा सेंटर, रेडीमेड गारमेंट, फार्मा जैसे क्षेत्र स्वर्णिम अवसर लेकर आए हैं। लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपए की सौगात मिलती है, लेकिन अगर वे रोजगार आधारित उद्योग में काम करेंगी, तो राज्य सरकार उनके वेतन में अलग से 5000 रुपए की मदद देगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा मैया के जल का भरपूर उपयोग किया जा रहा है। आजादी के बाद से वर्ष 2002-03 तक प्रदेश में सिंचाई का रकबा केवल साढ़े 7 लाख हेक्टेयर था। प्रदेश में जब सुश्री उमा भारती, बाबूलाल गौर, शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सरकारें बनीं तो प्रदेश में धीरे-धीरे सिंचाई और बिजली उत्पादन में बढ़ोतरी हुई। वर्ष 2023 के बाद अब प्रदेश में उत्पादन 32 हजार मेगावॉट तक पहुंच गया है, तीन साल में 8 हजार मेगावॉट बिजली उत्पादन बढ़ा है। सिंचाई, बिजली, पानी, सड़क, सांदीपनि विद्यालय सभी क्षेत्र में मध्यप्रदेश निरंतर आगे बढ़ रहा है।

खेल अकादमियों के लिए भूमि उपलब्ध कराएगी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को इंदौर में विश्व स्नूकर चैंपियनशिप-2026 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं विकसित करने के लिए राज्य सरकार हरसंभव सहयोग करेगी। खेल अकादमी स्थापित करने के लिए भूमि की आवश्यकता होने पर सरकार भूमि उपलब्ध कराएगी। भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित प्रतियोगिता में लगभग 35 देशों के 150 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने महासंघ के 100 वर्ष पूरे होने पर पदाधिकारियों और खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि तीन दिनों के भीतर प्रदेश में दो अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होना गौरव की बात है। आगामी 19 नवंबर को महिला हॉकी की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता भी होगी। मुख्यमंत्री ने खेल प्रशिक्षकों के सम्मान और भविष्य को सुरक्षित बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत खेलों को विषय के रूप में शामिल करने से विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने खिलाड़ी पंकज आडवाणी के साथ बिलियर्ड्स भी खेला।

आदमपुर खंती के पास प्लास्टिक प्लांट में लगी आग, 20 फीट ऊंची उठीं लपटें



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः आदमपुर स्थित कचरा खंती के पास सोमवार सुबह प्लास्टिक प्लांट में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि लपटें करीब 20 फीट ऊंची उठने लगीं और धुएं का गुबार पांच किलोमीटर दूर तक दिखाई दिया। सूचना मिलने पर खंती और आसपास के दमकल केंद्रों से गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने में जुटे रहे।

पांच टन प्रतिदिन क्षमता वाला यह प्लास्टिक प्लांट सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर संचालित है। इसका संचालन टेराफॉर्म संस्था करती है। संस्था के संचालक राहुल चौधरी ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। उपायुक्त भुवन गुप्ता ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, आगजनी का आदमपुर वेस्ट प्रोसेसिंग साइट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। इस साल प्लांट के पास आग लगने की यह चौथी घटना है। आदमपुर खंती में हर साल आगजनी की घटनाएं होती हैं। इसके चलते यहां स्थायी रूप से दमकल वाहन तैनात किए गए हैं।

गैंगस्टर मुख्तार मलिक के बेटे ने मारी थी महिला को गोली

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः टीला जमालपुरा थाना पुलिस ने पिछले माह एक महिला को गोली लगने के मामले को सुलझा लिया है। इस मामले में कुख्यात गैंगस्टर मुख्तार मलिक के बेटे को गिरफ्तार कर उसके पास से वारदात में इस्तेमाल की गई पिस्टल बरामद कर ली गई है। आरोपी के खिलाफ पूर्व से विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक संगीन अपराध दर्ज हैं।

टीला जमालपुरा थाना पुलिस के मुताबिक कच्ची मस्जिद के पास हैदर टावर में रहने वाली 43 वर्षीय सायरा खान को 18 अक्टूबर की शाम सात बजे घर के पास टहलते समय दाहिने पैर में गोली लग गई थी। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया था। मुखबिर से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने महिला से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की, तो उसके यासीन मलिक द्वारा गोली मारना बताया। इस आधार पर पुलिस ने पेन्ट हाउस न. 501 प्राइम हाइट विल्डिंग कोहेफिजा निवासी 24 वर्षीय सोबी उर्फ यासीन मलिक को गिरफ्तार कर लिया।

निशातपुरा थाने में बदमाशों की परेड



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सोमवार को थाना निशातपुरा में क्षेत्र के गुंडा, निगरानी बदमाशों और चाकूबाजों की परेड कराई गई। जिसमें 40 बदमाश थाना में उपस्थित हुए। सभी के डोजियर अपडेट किए गए। सभी को सख्त हिदायत दी गई कि वह किसी भी प्रकार के अपराधिक कृत्य को करने से बचें। उन्हें प्रति सप्ताह थाना हाजिरी के निर्देश दिए गए।

खुद को अविवाहित बताकर युवती से करता रहा दुष्कर्म

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मिसरोद थाना क्षेत्र में एक शादीशुदा युवक ने खुद को अविवाहित बताकर युवती को शादी का झांसा दिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए।

जब युवती को उसकी शादीशुदा होने की सच्चाई पता चली तो उसने उससे दूरी बना ली। इसके बाद युवती ने परिवार की मर्जी से दूसरे युवक से सगाई कर ली। यह बात पूर्व प्रेमी को नागवार गुजरी। उसने युवती के पुराने निजी फोटो और वीडियो उसके मंगेतर को भेज दिए, जिससे उसकी सगाई टूट गई। परेशान होकर युवती ने रविवार को मिसरोद थाने में दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है।

मिसरोद थाने की एसआइ श्वेता शर्मा ने बताया कि मिसरोद क्षेत्र में रहने वाली 28 वर्षीय युवती वीडियो एडिटिंग का काम करती है। इसी क्षेत्र में रहने वाले हर्षवर्धन यादव से उसका प्रेम संबंध था। आरोप है कि हर्षवर्धन पहले से शादीशुदा होने के बावजूद खुद को अविवाहित बताता रहा। साथ ही शादी करने का वादा कर उसने युवती के साथ कई बार दुष्कर्म किया। सच्चाई सामने आने पर युवती ने उसके साथ रिश्ता खत्म कर लिया। इसके बाद आरोपी ने उसके निजी फोटो-वीडियो मंगेतर को भेजकर सगाई तुड़वा दी। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

आधी रात को नशे में स्टंट से एसयूवी पलटी

- सवारों ने राहगीरों, पुलिसकर्मियों से की झूमाझटकी
- लाबाखेड़ा में हुई घटना, केस दर्ज, कार जब्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र के लांबाखेड़ा मुख्य मार्ग पर रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब दो बजे स्टंटबाजी के दौरान एसयूवी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में गाड़ी सवार तीन युवकों को चोट नहीं आई, लेकिन उन्होंने राहगीरों पर ही अपना गुस्सा उतारना शुरू कर दिया।

विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की। सूचना पर पहुंची एफआरवी टीम के पुलिसकर्मियों से भी गाली-गलौज और झूमाझटकी की। नशे में धुत युवकों ने अपने अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया। हंगामा बढ़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर चार आरोपियों को थाने लाया गया। यहां भी वे पुलिसकर्मियों से अभद्रता और गाली-गलौज करते रहे।



रिश्तेदार की गाड़ी लेकर निकला था संदीप

ईंटखेड़ी थाना प्रभारी आशीष सप्रे के मुताबिक मूल रूप से नजीराबाद निवासी 26 वर्षीय संदीप गौर न्यू चौकसे नगर में परिवार के साथ रहता है। वह मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव है। रविवार रात वह विदिशा में रहने वाले रिश्तेदार की एसयूवी लेकर निकला था। उसके साथ रिश्तेदार 31 वर्षीय संजय गौर और 23 वर्षीय हेमेन्द्र गौर भी थे। नशे की हालत में रहने के कारण लांबाखेड़ा में स्टंटबाजी के दौरान गाड़ी पलट गई थी। आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराया गया तो उनके शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। इसके बाद संदीप, संजय, हेमेन्द्र और 21 वर्षीय अनुज पटेल को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया। घटना में शामिल अन्य युवकों की तलाश जारी है।

बिना अनुमति धरना पुतला दहन पर प्रतिबंध

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नगरीय क्षेत्र में विभिन्न समुदाय, संगठन, राजनैतिक दलों, समिति, प्रतिनिधि मण्डल एवं आयोजकों द्वारा अपनी मांगो को लेकर, त्यौहारों पर एवं सामाजिक कार्यक्रमों हेतु धरना,प्रदर्शन,रैली, निकाली जाती है। सार्वजनिक स्थलों पर होने वाले इन कार्यक्रमों में पुलिस एवं यातायात की समुचित व्यवस्था होना अनिवार्य हो जाता है, ताकि आम नागरिकों के सामान्य जन-जीवन पर कोई असर न हो। साथ ही किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार की हिंसक गतिविधि या सार्वजनिक सम्पत्ति को क्षति न पहुंचायी जा सके। इस वजह से इस तरह के आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की पूर्व सूचना पुलिस विभाग को होना आवश्यक है। जिससे उसके सुव्यवस्थित संपादन के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। इस वजह से नगरीय पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने सोमवार को भोपाल भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा - 163 (1) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

महिला की मौत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पिपलानी के सोनागिरी में बीएसएफ जवान की पत्नी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। रविवार रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। पति उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, 50 वर्षीय राजेश शर्मा बीएसएफ में नायब सूबेदार हैं। उन्होंने बताया कि पत्नी राजश्री मिश्रा रात में लाइट जलाकर बैठी थीं। पूछने पर उन्होंने नींद नहीं आने और सीने में जलन की शिकायत की थी। फिलहाल हार्ट अटैक से मौत की आशंका है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

प्रेम में असफल होने पर खुदकुशी कर ली

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शाहपुरा छावनी निवासी 25 वर्षीय अखिलेश अहिरवार ने प्रेमिका से शादी नहीं हो पाने से दुखी होकर चूहामार दवा खा ली। प्लंबर का काम करने वाले अखिलेश की इंटरनेट मीडिया के जरिए इंदौर में रहने वाली एक युवती से दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध थे, लेकिन युवती के पिता शादी के लिए राजी नहीं थे। मृतक के पिता राजाराम अहिरवार ने बताया कि शादी न होने की बात से बेटा परेशान रहता था। शनिवार रात आठ बजे उसने जहर खा लिया। रविवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

कर्मचारियों का आंदोलन 6 दिसंबर को आउटसोर्स

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश में आउटसोर्स कर्मचारियों ने नौकरी बचाने की मांग को लेकर 6 दिसंबर को भोपाल में प्रदेशव्यापी आंदोलन करने का ऐलान किया है। योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की ओर से 31 मार्च 2027 तक तृतीय श्रेणी सहित अन्य नियमित पदों पर कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर इन पदों पर सीधी भर्ती करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी फैसले के विरोध में कर्मचारी आंदोलन करेंगे।

शाहपुरा के फ्लैट में चल रहा था जुआ,15 लोगों से 94 हजार जब्त

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः शाहपुरा थाना पुलिस ने रविवार रात गौरव ग्रीन गार्डन के सामने इडेंक्स अपार्टमेंट के एक फ्लैट में छापा मारकर जुआ खेल रहे 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 94690 रूपये, 20 नग मोबाइल फोन के अलावा आठ चार पहिया वाहन भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपियों में सौरभ सिंह, अरूण कुमार, बादल ठाकुर, राहुल त्रिपाठी ,अमन सिंह,मोहनसिं राजपूत, तुषार तोमर, समीर तोमर , विनय रन्धवे , अंकुश गर्ग ,विजय शर्मा , भरत चौहान , विशाल पाठक, वैभव सिंह राजपूत एवं एक विधि विरूद्ध बालक शामिल है।

भोपाल में सजेगा मालवा का आँगन, स्वाद से शिल्प तक दिखेगी लोकसंकृति की ताकत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मालवा की संस्कृति, लोकभाषा, खानपान, संगीत और हस्तशिल्प के रंग अब राजधानी भोपाल में बिखरेंगे। मालवा विकास उत्सव समिति के तत्वावधान में 23 से 25 नवंबर तक रवींद्र भवन में तीन दिवसीय 'मालवा उत्सव-यो अपनों मालवो' आयोजित किया जाएगा। उत्सव में मालवा की लोकपरंपराओं के साथ स्थानीय कलाकारों, कारीगरों और उद्यमियों को मंच मिलेगा।

23 नवंबर : रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ होगा शुभारंभः उत्सव का शुभारंभ 23 नवंबर को शाम 5 बजे होगा। उज्जैन की ऋतु शर्मा और उनकी टीम रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगी। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध उद्घोषक स्वामी मुस्करा करेंगे। विश्वविख्यात मालवी भाभी भी अपनी विशेष प्रस्तुति से दर्शकों को गुदगुदाएंगी।

इसी दिन मालवी भाषा, साहित्य, कला और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली नौ विभूतियों को मालवा रत्न से सम्मानित किया जाएगा। इनमें नरहरि पटेल, डॉ. शिव चौरसिया, सतीश दवे, डॉ. माया बेन वधेका, निशा त्रिवेदी, पराग छापेकर, मुकेश जोशी, मालवी भाभी और कमल हेतावल शामिल हैं।

उत्सव में दाल-बाफले, भुट्टे का कीस, गराडू, मावा-बाटी, खोपरा पैटिस और रतलामी सेव जैसे पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल आकर्षण रहेंगे। इसके साथ उज्जैन की प्रसिद्ध बटिक प्रिंट कला, हस्तशिल्प, वस्त्र कला और कृषि उत्पादों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री का अवसर मिलेगा।

24 नवंबर की शाम संगीत प्रेमियों के लिए खास रहेगी। 'हनुमान अंश' फिल्म के प्रमुख कलाकार साधु तिवारी अपनी लाइव संगीत प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम के टिकट बुक माय शो से खरीदे जा सकेंगे। उत्सव के अंतिम दिन 25 नवंबर को रवींद्र भवन के मुक्ताकाश मंच पर मालवी कवि सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें डॉ. माया बदेका, नरेंद्र शर्मा नखेत्री, डॉ. राजेश रावल, डॉ. विक्रम विवेक, भरत पंड्या, राजेंद्र जैन और राहुल शर्मा सहित कवि अपनी मालवी रचनाओं से श्रोताओं को रसासिक्त करेंगे।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी/भू अर्जन अधिकारी (राजस्व) बरेली जिला रायसेन म.प्र.

क्रमांक/35/5/भू-अर्जन/2026 दिनांक 03/11/26

प्ररूप-ख (नियम 5 का उपनियम (2) देखिए)

क्रमांक एक-12-20-20212-सांत-2ए, अतएव, राज्य सरकार को लोकहित में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउददेशीय परियोजना के अन्तर्गत बिछाई जाने वाली भूमिगत पाइप लाइन में जल परिवहन हेतु ग्राम सुनहेरा प.ह. न 053 तहसील उदयपुरा जिला रायसेन तक मध्यप्रदेश राज्य में कार्यालय रानी अवंतीबाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर मध्यप्रदेश द्वारा भूमिगत पाइप लाईन, बिछाई जाए।

और अतएव राज्य सरकार को उक्त भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाने के प्रयोजन के लिए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि उस भूमि में, जिसमें भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने का प्रस्ताव है, जो इस अधिसूचना से संलग्न अनुसूची में वर्णित है, उपयोग के अधिकार का अर्जन किया जाए।

अतएव, मध्यप्रदेश भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट (भूमि के उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 2012 (क्रमांक 5 सन् 2013) की धारा 3 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार , उसमें उपयोग के अधिकार का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई व्यक्ति जो उक्त अनुसूची में वर्णित भूमि में हितबद्ध है, उस तारीख से जिसको उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन अधिसूचमा राजपत्र में प्रकाशित होती है इक्कीस दिवस के भीतर, भूमि के नीचे पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट बिछाये जाने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी / अनुविभागीय अधिकारी राजसव बरेली जिला रायसेन मध्यप्रदेश को लिखित में आक्षेप भेज सकेगा।

अनुसूची

जिला	तहसील	ग्राम/पटवारी हल्का कमांक	खसरा क्रमाक	उपयोग के अधिकार के लिये अर्जित की जाने वाली भूमिं (हेक्टर में)
रायसेन	उदयपुरा	053	128	0.120
			127/10	0.24
			129	0.036
			126/1	0.100
			126/2	0.080
			39/2/2	0.032
			39/4	0.052
			39/1	0.024
			53	0.002
			52/5/2	0.024
			52/6	0.036
			56/5	0.106
			56/6	0.062
			64/2.	0.186
			कुल योग्य	0.884

1. यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिये भूमि अर्जन मध्यप्रदेश भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट (भूमि के उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 2012 (कमांक 5 सन् 2013) की धारा 3 की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई है। 2. (भूमि के उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 2012 के अधीन यथा उपबंधित इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 21 दिनों के भीतर किसी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में समक्ष भू-अर्जन शाखा बरेली में आक्षेप यदि कोई हो फाईल किए जा सकेगें। 3: अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण, भू-अर्जन अधिकारी/अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बरेली तहसील बरेली जिला रायसेन म.प्र. के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर किया जा सकता है।

4. अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण, कार्यपालन यंत्री रानी अवंतीबाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर म.प्र. के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर किया जा सकता है। अर्जित की जाने वाली उल्लेखित प्रस्तावित भूमि के बारे में हितवद्ध कोई व्यक्ति अधिसूचना प्रकाशन की जानकारी वेबसाइट www.raisen.nic.in एवं म.प्र.शासन राजस्व विभाग भोपाल की वेबसाइट http://www.mprevenue.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

अंकित कुमार जैन

सक्षम प्राधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बरेली जिला रायसेन

जी-21585/26